स्वच्छ भारत अभियान

दिनांक 03.01.2018
स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

एक लाख स्वच्छता एप डाउनलोड कराने का संकल्प लिया पार्षदों ने

भिलाईनगर/ स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2018 में भिलाई को अग्रणी बनाने के लिए महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने निगम भिलाई क्षेत्र के सभी पार्षदगणों की कार्यशाला आयोजित कर भिलाई को एक लाख स्वच्छता एप डाउनलोड कराने का संकल्प लिया। स्वच्छता एप डाउनलोड कराने के लिए जनसंख्या के आधार पर इस वर्ष नगर निगम भिलाई को 12,570 परिवारों का लक्ष्य दिया गया था जिसकी निर्धारित समय में सफलता पूर्वक निगम भिलाई ने 13,071 प्राप्त कर लिया। एप के माध्यम से शहरवासी फीडबैक दे रहे हैं जिसे और बढ़ाने की आवश्यकता पर सभी ने जोर दिया। नागरिकों की राय सबसे महत्वपूर्ण मानी जायेगी अभी ताजा निर्धारित बिन्दुओं पर सर्वेक्षण में भिलाई नगर निगम 19 वें स्थान पर चल रहा है आने वाले समय में अन्य मापदण्डों पर भी सर्वेक्षण होगा जिसके आधार पर सम्पूर्ण रैंक निर्धारित होगा। विशेष स्वच्छ वार्ड, होटल, बाजार, शौचालय, स्कुल, कॉलेज, सार्वजनिक संस्थान, बस स्टैंण्ड, हॉस्पिटल, साप्ताहिक बाजार, निबंध, वाद–विवाद, पोस्टर, नारा लेखन, वॉल पेंटिंग, सफाई मित्र, केप्टन क्लीन, केप्टन भीम, आदि तरह के प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसके अलग–अलग प्रतियोगिता के प्रभारी निर्णायक मण्डल में जोन अध्यक्ष, जोन आयुक्त, पार्षदगण, एवं गणमान्य नागरिक सम्मिलित होंगे। उसमें विशेष चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले वार्डों के विकास कार्य के लिए अलग से राशि प्रदान की जायेगी। एकल प्रतियोगिता के चयनित प्रतिभागियों को भी नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। महापौर देवेन्द्र यादव ने सभी पार्षदगणों, एल्डरमेन, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं से भिलाई को स्वच्छता में अग्रणी बनाने में सहयोग की अपील की है। आयुक्त के0एल0 चौहान ने कहा कि अगर हम हर वार्ड से 1500 का लक्ष्य लें तो आराम से एक लाख एप डाउनलोड कर देश स्तर पर कीर्तिमान बना सकते हैं।

कार्यशाला में सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, स्वच्छता प्रभारी अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, सभी महापौर परिषद के सदस्य, पार्षदगण, एल्डरमेन, अधीक्षण अभियंता, निगम के जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्व अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, आदि उपस्थित रहें।

जनसम्पर्क विभाग